संख्या–2784 / सत्तर–1–10–20(5) / 09

प्रेषक,

विमल किशोर गुप्ता,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

चेयरमैन,
उत्तरांचल वेलफेयर सोसायटी,
बी–249, पटेलनगर 2,
गाजियाबाद, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 16 सितम्बर, 2010

विषयः– इन्वर्टिस विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, बरेली का संचालन प्रारम्भ किये जाने हेतु प्राधिकार–पत्र निर्गत किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनांक 08–09–2010 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा इन्वर्टिस विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2009 की धारा–4 में वर्णित शर्तों को पूर्ण किये जाने की सूचना देते हुए इन्वर्टिस विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, बरेली का संचालन प्रारम्भ करने हेतु प्राधिकार–पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय इन्वर्टिस विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2009 की धारा–5 में निहित शक्ति का प्रयोग करते हुए इन्वर्टिस विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, बरेली का संचालन शैक्षणिक सत्र 2010–11 से प्रारम्भ करने हेतु एतद्द्वारा प्राधिकार–पत्र निर्गत करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

भवदीय,

(विमल किशोर गुप्ता)
विशेष सचिव।

pradhikar patra